पेज नं. IV
दिनांक 15/8/2026

IV नईदुनिया
जबलपुर, शनिवार, 15 अगस्त, 2026

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

## शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय सहित राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने किए आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्य डा. सुनीता मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं को भारत विभाजन की त्रासदी और उसके प्रभावों की जानकारी देने के साथ हुई। प्राचार्य डा. सुनीता मिश्रा ने वर्ष 1947 में हुए विभाजन के दौरान देश के अनेक हिस्सों में साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। इस त्रासदी में लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। अनेक परिवार अपने घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर हुए और कई लोगों को अपने परिजनों से बिछड़ना पड़ा। इस अवसर पर डा. वंदना गुप्ता, डा. आरएन श्रीवास्तव, डा. अर्चना देवलिया, डा. शोभना पांडे, डा. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डा. मनोज प्रियदर्शन, डा. वरुण राव बंसोड़कर उपस्थित थे। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस की छात्राओं तथा उनके कार्यक्रम प्रभारियों ने विशेष योगदान दिया।




कालेज में स्मृति दिवस के अवसर पर उपस्थित प्राध्यापिका एवं छात्राएं। ● सौ. महाविद्यालय

### दिवस का बताया महत्व

**जबलपुर :** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में विभाजन के दौरान बलिदान देने वाले लोगों और विस्थापन की पीड़ा झेलने वाले लाखों परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डा. वर्षा अगलावे ने विद्यार्थियों को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व और उस दौर में लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूक किया। तिरंगा यात्रा में डा. मंजुला बाजपेयी, डा. भारती शर्मा, डा. सुजाता कुमार, डा. प्रशांत सेलट, डा. मनीष शर्मा, डा. प्रीति डोंगरे, डा. रवि विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया - दिनांक 15/8/2026.